दिनांकः 18.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज नदबई से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौथी किस्त जारी करेंगे–71 लाख से अधिक किसानों को 718 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी होगी।
- प्रदेश में पहली बार हाइब्रिड मॉडल पर पांच जलापूर्ति परियोजनाएं शुरू की जाएंगी–पांच हजार गांवों में करीब सवा चार लाख घरेलू नल कनेक्शन दिये जाएंगे।
- धनतेरस के साथ आज से दीपोत्सव की शुरूआत–बाजारों में आकर्षक सजावट।
- राज्य के मौसम में उतार–चढ़ाव–न्यूनतम तापमान में गिरावट से हल्की सर्दी की दस्तक।

000

भरतपुर के नदबई में आज मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौथी किस्त के हस्तांतरण का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 71 लाख 80 हजार किसानों को 718 करोड़ रुपये की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित करेंगे। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के राज्य के पात्र लाभार्थियों को 6 हजार रुपये के स्थान पर सालाना 9 हजार रुपये दिये जा रहे हैं। पिछले 21 महीनों में 8 हजार 386 करोड़ रुपय की राशि किसानों को दी जा चुकी है। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के जरिए प्रत्येक पात्र किसान को 1 हजार रुपये की राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री लाभार्थी किसानों से संवाद भी करेंगे।

................

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौथी किस्त के हस्तांतरण के लिए सभी जिलों में कार्यक्रम रखे गये हैं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण सभी उपखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर भी किया जाएगा।

000

प्रदेश में पहली बार हाइब्रिड मॉडल पर पांच जलापूर्ति परियोजनाएं शुरू होंगी। ये सार्वजनिक निजी भागीदारी यानि पीपीपी मोड पर शुरू की जाएंगी। जल जीवन मिशन के तहत ये मॉडल लागू किया जाएगा। इन परियोजनाओं से लगभग पांच हजार गांवों को चार लाख बीस हजार घरेलू नल कनेक्शन दिये जाएंगे। मिशन निदेशक डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि इससे बीस लाख लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं पर लगभग 18 हजार 879 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। ये हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल यानि हेम करौली, सवाईमाधोपुर, अलवर, भरतपुर और धौलपुर सहित छह अन्य जिलों में जलापूर्ति करेगा।

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। चुनाव आयोग ने नकदी, शराब और नशीने पदार्थों की आवाजाही की रोकथाम के निर्देश दिये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि बीते 24 घंटों में अंता क्षेत्र में 52 लाख रुपये से अधिक की नकदी पकड़ी गई है। वहीं 6 अक्टूबर से अब तक साढे तीन करोड़ रुपये जब्त किये जा चुके हैं। इस बीच, अंता उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज पूरी दुनिया भारत को एक विश्वसनीय, ज़िम्मेदार और उदारवादी साझेदार के रूप में देखती है। कल नई दिल्ली में एक निजी मीडिया हाउस की ओर से आयोजित शिखर सम्मेलन में श्री मोदी ने कहा कि भारत के हर क्षेत्र में निवेश की लहर है। इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर फार्मास्यूटिकल्स तक और ऑटोमोबाइल से लेकर मोबाइल निर्माण तक भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का केन्द्र बन रहा है। श्री मोदी ने कहा कि देश का विकास वैश्विक अवसरों को आकार दे रहा है।

................

000

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कल नई दिल्ली में संसद भवन में उप–राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। इसके साथ ही देश की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को बढावा देने के प्रयासों पर भी विचार विमर्श किया। उपराष्ट्रपति ने गंतव्य–विशिष्ट पर्यटन के साथ ही चिकित्सा और आध्यात्मिक पर्यटन पर भी विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया।

000

आज धनतेरस है। इसके साथ ही रोशनी के पर्व दीपोत्सव की शुरूआत हो गई है। आज ही धनवंतरी जयंती है। इस दिन सुख–समृद्धि और आरोग्य की कामना की जाती है। अस्पतालों, चिकित्सा संस्थानों और दवाईयों की दुकानों में आयुर्वेद के जनक भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना की जाती है। इस मौके पर विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा शिविर भी लगाये गये हैं। वहीं धनतेरस पर सोने–चांदी, बर्तनों, इलेक्ट्रोनिक्स उत्पाद और वाहनों की खरीद को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में रौनक है इससे दुकानदार भी उत्साहित हैं। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि जीएसटी कटौती से भी खरीदारी के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है।

...............

सरहदी जिले जैसलमेर में लक्ष्मीनाथ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं सोनार दुर्ग स्थित मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा हुआ है। दीपोत्सव पर प्रदेशभर में आकर्षक सजावट की गई है। मंदिरों, बाजारों, चौराहों और प्रमुख इमारतों तथा स्मारकों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। मुख्य बाजारों में भारी यातायात का प्रवेश रोका गया है। साथ ही यातायात और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। दीपोत्सव की श्रृंखला में कल रूप चतुर्दशी मनाई जाएगी। इसे नरक चतुर्दशी और छोटी दीवाली भी कहा जाता है। दीपावली का त्यौहार पिछले साल की तरह इस बार भी छह दिन तक मनाया जाएगा।

000

राज्य के मौसम में उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जहां रात के तापमान में गिरावट से हल्की सर्दी की दस्तक शुरू हो गई है। वहीं दिन में गर्मी का असर बना हुआ है। बीते 24 घंटों में 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 37 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। जैसलमेर, जोधपुर, फलौदी और बीकानेर में भी दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि सुबह और शाम हल्की सर्दी का एहसास होने लगा है।

................

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य के आस–पास बने हुए हैं। अगले एक सप्ताह तक तापमान में विशेष बदलाव नहीं होने की संभावना है।

000

पाली में आज हेमावास और खारड़ा बांध से किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाएगा। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि इससे 22 गांवों के किसानों को फायदा मिलेगा।

000